>

Title: Regarding the implementation of PM Kishan Nidhi scheme in Jhalawar, Rajasthan.

श्री दुष्यंत सिंह (**झालावाड़-बारां**): अध्यक्ष महोदय, आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने पीएम किसान निधि छोटे किसानों के लिए बनाई है । मैं राजस्थान के झालावाड़ से आता हूं जहां पीएम किसान निधि अब तक किसानों को नहीं दी गई है । आज के प्रश्न संख्या 325 उत्तर में दिया गया था कि राजस्थान सरकार ने 53 लाख लोगों को इसका लाभ दिया है ।

मेरे क्षेत्र में कांग्रेस के नेता आकर बोल गए कि दो लाख रुपये तक कर्ज माफ करेंगे । राजस्थान में कांग्रेस की सरकार है । मौसम की खराबी के बाद भी हमारे क्षेत्र में किसानों के हित के लिए कुछ काम नहीं किया है । मैं आपसे आग्रह करता हूं कि वहां केन्द्र सरकार की एक टीम जाए और किसानों के हित के लिए काम करे ।